राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक :– 28.07.2014

आयोग द्वारा दिनांक 21.05.2014 को आयोजित सहायक खनि अभियंता (खान एवं भू–विज्ञान विभाग) संवीक्षा परीक्षा 2011 तथा दिनांक 04-06-14 को आयोजित कनिष्ठ विधि अधिकारी परीक्षा 2013 पेपर – I की उत्तर कुंजियाँ आयोग की वेबसाइट पर क्रमशः दिनांक 22.05.2014 तथा 05.06.2014 को जारी करते हुये आपत्तियाँ आमंत्रित की गई। अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों की आयोग द्वारा विषय विशेषज्ञों से जांच करवाने के उपरान्त **अंतिम** संशोधित उत्तर कुंजी दिनांक 28.07.2014 को आयोग की वेबसाईट पर जारी कर दी गई हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो प्रेस नोट की जारी होने की दिनांक से 3 दिवस अर्थात 01.08.2014 तक अपनी आपत्ति आयोग को दर्ज करवा सकता है तथा पूर्व में प्राप्त आपत्तियों के अतिरिक्त नई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जावेगी। आपत्ति आवश्यक रूप से आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रस्तुत की जाएं। निर्धारित प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। तीन दिन की अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी तथा वर्तमान में जारी की जा रही उत्तर कुंजी के आधार पर उक्त परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकेगा।

(अशोक शर्मा)
उप सचिव